सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 23.10.2024

नाबालिग बालक की हत्या करने वाले 01 बाल अपचारी अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर श्री नागेन्द्र चौबे के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.10.2024 को वादी रामाकान्त उर्फ मंशाराम पुत्र कामता प्रसाद निवासी धौलपुर खेरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा द्वारा थाना जसवंतनगर पर सूचना दी गयी कि वादी का पुत्र अंशू उर्फ अयांश उम्र 04 वर्ष दिनांक 11.10.2024 को भंडारे का प्रसाद लेने घर से बाहर गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी हत्या कर शव को बाजरे के खेत में फेंक दिया था। **सूचना पर थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 222/2024 धारा 103(1)/238 बीएनएस पंजीकृत किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए जनपदीय फोरेन्सिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना मे संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 22/23.10.2024 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस टीम एवं थाना जसवन्तनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि नाबालिग बालक की हत्या करने वाला अभियुक्त ग्राम धौलपुर खेड़ा पुल के नीचे कही जाने की फिराक मे खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों द्वारा **अभियुक्त को धौलपुर खेड़ा पुल के पास से समय 11.00 बजे गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये बाल अपचारी अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मैं अंशू उर्फ अयांश को गलत काम करने के उद्देश्य से खेत मे ले गया था, परन्तु उसने विरोध किया और चिल्लाने लगा। जिस कारण मैने गुस्से में आकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को वही खेत में फेक दिया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. 01 बाल अपचारी।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 222/2024 धारा 103(1)/238 बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

पुलिस टीमः- प्रथम टीमः- **क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर श्री नागेन्द्र चौबे,** निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांस मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरीक्षक श्री राम सहाय सिंह प्रभारी थाना जसवन्तनगर, का0 भूपेन्द्र कुमार, का0 अवनीश कुमार, हे0का0 चालक मनोज कुमार।